UP Board Solutions for Class 6 Home Craft Chapter 2 स्वच्छता

स्वच्छता

अभ्यास

प्रश्न 1.
वस्तुनिष्ठ प्रश्न-
रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए
(क) घर की नाली को **बंद** रखना चाहिए। (खुला, बंद)
(ख) घर की पुताई **वार्षिक** करनी चाहिए। (प्रतिदिन, साप्ताहिक, मासिक, वार्षिक)
(ग) **बंद** शौचालय का प्रयोग करना चाहिए। (बंद, खुला)

प्रश्न 2.
अतिलघु उत्तरीय प्रश्न-
(क) विश्व शौचालय दिवस कब मनाया जाता है ?
उत्तर
विश्व शौचालय दिवस 19 नवम्बर को मनाया जाता है ?

(ख) आकस्मिक स्वच्छता के अंतर्गत कौन-कौन सी सफाई की जाती हैं ?
उत्तर
आकस्मिक स्वच्छता के अंतर्गत ऋतु-परिवर्तन तथा शादी-विवाह के अवसर पर होने वाली सफाई आती है।

प्रश्न 3.
लघु उत्तरीय प्रश्न-
(क) हरे तथा नीले रंग के कूड़ेदान का प्रयोग क्यों करते है ?
उत्तर
गीले कचरे फेंकने के लिए हरे रंग के कूड़ेदान तथा सूखे कचरे फेंकने के लिए नीले रंग के कूड़ेदान का प्रयोग किया जाता है।

(ख) सफाई का क्या अर्थ है? ।
उत्तर
सफाई का अर्थ गंदगी को दूर करना तथा प्रत्येक वस्तु को साफ कीटाणु रहित तथा । व्यवस्थित रखना है।

(ग) खुले में शौच करने से होने वाली बीमारियों के नाम लिखिए।
उत्तर
खुले में शौच करने से हानिकारक कीटाणु हवा में तेजी से फैलते हैं और इससे
दस्त, टायफायड, आँतों में कीड़े, मलेरिया, पीलिया, टिटनेस आदि रोग हो जाते हैं।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 4.
दीर्घ उत्तरीय प्रश्न-
(क) पॉलिथीन के प्रयोग से क्या-क्या हानियाँ होती हैं ?
उत्तर
पॉलिथीन का प्रयोग स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। ये जमीन के अंदर गल नहीं पाती एवं मिट्टी की उपज़ क्षमता को कम कर देती है। इसे जलाने से जहरीली गैसें चारों तरफ फैलती हैं। ज़िससे श्वास तथा त्वचा संबंधी बीमारियाँ होती हैं। यह नदी-नाले में जाकर उनके बहाव को रोक देती है जो गंदगी बीमारी एवं बाढ़ का कारण बनती है।

(ख) घरेलू कूड़े-कचरे के निपटारे का सही तरीका क्या है ?
उत्तर
घरेलू कूड़े-कचरे के निपटारे का सही तरीका है-जमीन में गड्ढा खोदकर उसमें कूड़ा-कचरा डालकर ऊपर से मिट्टी डाल कर दबा देना। हमें घर की नियमित सफाई के साथ-साथ

घर के कूड़े-कचरे को ढक्कनदार कूड़ेदान में डालना चाहिए। घर के आस-पास कीटाणुनाशक दवा डालनी चाहिए जिससे कीटाणु न पनप सकें।

https://www.evidyarthi.in/